Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

## सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- १७ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ सितम्बर २०२० पृष्ठ ०८ मूल्य: १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्य: १५ रु.मात्र )




## मन की बात: सभी देशवासी देश की विकास यात्रा में हों शामिल-प्रधानमंत्री

प.सू.का/नई दिल्ली। मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार दिनांक ३०.०८.२०२० को अपने देशवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में देश एक साथ कई मोर्चो पर लड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में खिलौनों और मोबाइल गेम्स के मामले में आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब सभी के लिए लोकल खिलौनों के लिए वोकल होने का समय है। साथ ही उन्होंने कहा कि जितने भी गेम्स हैं उनकी थीम्स बाहरी हैं। इसलिए मैं युवा टैलंट से कहता हूं कि आप भारत के भी गेम्स बनाइए मन की बात मे उन्होने कहा कि वर्ष २०२२ में हमारा देश स्वतंत्रता के ७५ वर्ष का पर्व मनाएगा। आज देश जिस विकास यात्रा पर चल रहा है इसकी सफलता सुखद तभी होगी जब हर एक देशवासी इसमें शामिल होगा इसलिए, ये जरूरी है कि हर देशवासी स्वस्थ रहे सुखी रहे और हम मिलकर के कोरोना को पूरी तरह से हराएं।

उन्होने एक बार फिर कहा कि कोरोना तभी हारेगा जब आप सुरक्षित रहेंगे, जब आप दो गज की दूरी, मास्क जरुरी, इस संकल्प का पूरी तरह से पालन करेंगे।

## रेल मंत्री पीयूष गोयल ने की डीएफसीसीआईएल के कार्य प्रगति की समीक्षा




प.सू.का/नई दिल्ली। रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिनांक २३.०८.२०२० को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान, अधिकारियों ने परियोजना की स्थिति की जानकारी दी। वहीं उम्मीद जताई जा रही है कि उत्तर प्रदेश के दादरी को मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (जेएनपीटी) से जोड़ने वाला पश्चिमी गलियारा और साहनेवाल, लुधियाना (पंजाब) से शुरू होकर पश्चिम बंगाल के दानकुनी में समाप्त होने वाला पूर्वी गलियारा, दिसंबर, २०२१ तक पूरा कर लिया जाएगा। कोविड मे लॉकडाउन के कारण समय में हुई क्षति की भरपाई के लिए रेलमंत्री ने डीएफ- एफसीआईएल प्रबंधन टीम को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश भी दिये। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि सभी ठेकेदारों के काम की सख्त निगरानी की जाए। बतादें कि समर्पित फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सबसे बड़ी रेल अवसंरचना परियोजनाओं में से एक है। कुल लागत ८१,४५६ करोड़ रुपये आंकी गई है। पहले चरण में संगठन पश्चिमी डीएफसी (१५०४ किमी) और पूर्वी डीएफसी (१८५६ किमी) का निर्माण कर रहा है, जिनकी कुल लंबाई ३३६० किमी है।

## कोरोना से निपटने की तैयारियों को, सीएम योगी ने की बीएचयू में समीक्षा बैठक



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोरोना से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए शनिवार दिनांक २६.०८.२०२० को वाराणसी पहुँच कर बीएचयू समेत सरकारी अस्पतालों को पूरी क्षमता से संचालन की कार्ययोजना बनाई। मुख्यमंत्री ने बीएचयू कुलपति की मौजूदगी में निर्देश दिया कि बीएचयू के पास सभी सुविधाएं हैं तो इस महामारी में वे दूसरे अस्पतालों को भी प्रशिक्षित करें। उन्होने बीएचयू सहित कोविड अस्पतालों से सीसीटीवी कैमरों से लैस करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड कमांड कंट्रोल रुम से इनकी मॉनिटरिंग की जाए और मरीजों के इलाज में कोई कोताही न बरती जाए। इस दौरान बीएचयु कुलपति राकेश भटनागर, मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल, जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी प्रधानमंत्री का सपना : सुरेश सी. अंगड़ी



प.सू.का/नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम रेलवे के नेलमंगला से बेल तक पहली बार रोल ऑन रोल ऑफ (आरओआरओ यानी रो-रो) सेवा को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा और रेल राज्यमंत्री सुरेश सी. अंगड़ी ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पर जोर दे रहे हैं। क्षेत्र में एपीएमसी बाजारों की वजह से रो-रो सेवा के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने इस दिशा में पहल करने के लिए रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी को बधाई दी और राज्य सरकार की तरफ से पूर्णसहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी ने कहा कि मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है। बेंगलुरु और सोलापुर के बीच हजारों ट्रक आते-जाते रहते हैं। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी रेलवे कर्मचारियों को भी बधाई दी।

## भारतीय रेल ने किया ६६० से अधिक स्टेशनों का सौरकरण

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल ने बिजली उपभोग आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए १०० प्रतिशत आत्मनिर्भर बनने तथा राष्ट्रीय सौर बिजली लक्ष्यों में योगदान देने के लिए ६६० से अधिक स्टेशनों का सौरकरण कर दिया है। ५५० स्टेशनों, जो निष्पादन के अधीन हैं, के लिए १६८ मेगावाट सोलर रूफटाप क्षमता के लिए आर्डर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेल ने अभी हाल में अग्रणी सौर बिजली डेवलेपरों की एक बैठक का आयोजन किया था जिन्होंने २०३० से पहले 'निवल शून्य कार्बन उत्सर्जक' बनने की भारतीय रेल की यात्रा में साझीदार बनने की अपनी अपेक्षाओं को साझा किया था। भारतीय रेल २०३० तक ३३ बिलियन यूनिट से अधिक की अपनी सारी ऊर्जा उपभोग आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सौर ऊर्जा उत्पादित करने के लिए तैयार है। वर्तमान में वार्षिक आवश्यकता लगभग २० बिलियन यूनिट की है। यह रेलवे स्टेशनों का सौरकरण करने एवं नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं के लिए रिक्त रेल भूमि का उपयोग करने के प्रधानमंत्री के निर्देश की तर्ज पर है। इस संबंध में, आरंभ में भारतीय रेल की एक पीएसयू रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईईएमसीएल) द्वारा पहले ही रेलवे ट्रैक के साथ साथ रिक्त रेल भूमि पार्सलों एवं भूमिक पार्सलों पर ३ जीडब्ल्यू सौर परियोजनाओं के लिए बोली आमंत्रित की जा चुकी है। कम प्रशुल्क पर रेलवे को बिजली की आपूर्ति करने के अतिरिक्त, ये सौर परियोजनाएं ट्रैक के साथ साथ चारदीवारी के निर्माण के द्वारा रेलवे की भूमि की सुरक्षा भी करेंगी।

## हमेशा याद किए जाएंगे साहसी फैसलों के लिए प्रणब मुखर्जी



नई दिल्ली। देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का ८४ साल की आयु में निधन हो गया। बीते कुछ समय से बीमार चल रहे प्रणब मुखर्जी सोमवार दिनांक ३१.०८.२०२० को अंतिम सांस ली। अभिजीत मुखर्जी उनके बेटे ने यह जानकारी दी। दिल्ली में कैंट स्थित आर्मी अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा था। भारत सरकार ने प्रणब मुखर्जी के निधन पर ३१ अगस्त से छह सितंबर तक सात दिवसीय राजकीय शोक घोषित किया है। हमेशा देशहित की सोच रखने वाले राजनीतिक भेदभाव से परे प्रणब मुखर्जी देश के १३वें राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति रहते हुए उन्होंने कुछ ऐसे साहसी फैसले लिए थे जिनके लिए वह हमेशा लोगों की स्मृतियों में बने रहेंगे और उनका नाम सम्मान के साथ लिया जाता रहेगा। अपने राष्ट्रपति के कार्यकाल में प्रणब दा ने आतंकवादी अजमल कसाब, अफजल गुरु और याकूब मेनन को फांसी दिलवाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## सार्वजनिक रूप से कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी उचित नहीं: सिंघवी



नई दिल्ली। कांग्रेस ने असंतुष्ट नेताओं को फटकार लगाते हुए अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मतभेद भुलाकर सोनिया गांधी ने सामूहिक रूप से आगे बढ़ने के आग्रह के बाद कुछ नेताओं का सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करना उचित नहीं है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सीडब्ल्यूसी की बैठक में सोनिया गांधी ने सुझाव दिया था, पार्टी को सामूहिक रूप से आगे बढ़ना होगा। सोनिया ने कहा था कि हमें अब भविष्य की ओर देखना चाहिए साथ ही गति और दिशाएं भविष्य के लिए होनी चाहिए।

## राजीव कुमार ने संभाला नए चुनाव आयुक्त का पदभार



प.सू.का/नई दिल्ली। भारत के नए चुनाव आयुक्त (ईसी) के रूप में राजीव कुमार ने पदभार संभाल लिया। ३६ वर्षों से भी अधिक समय तक भारत सरकार को अपनी सेवाएं देने के दौरान कुमार ने केंद्र के साथ-साथ बिहार/झारखंड के अपने राज्य कैडर में विभिन्न मंत्रालयों में काम किया है। इसके साथ ही कुमार फरवरी २०२० में भारत सरकार के वित्त सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद उन्हें अप्रैल २०२० से सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। वह ३१ अगस्त २०२० को पदमुक्ति होने तक इस पद पर कार्यरत रहे। कुमार २०१५-१७ के दौरान कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में स्थापना अधिकारी भी रहे हैं और इससे पहले वह व्यय विभाग में संयुक्त सचिव रहे हैं।

## राजभाषा विभाग ने अमृता प्रीतम को किया याद

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। हिंदी के प्रसार-प्रचार तथा हिंदी की पहचान को कायम रखने के प्रयास स्वरूप अमृता प्रीतम की जयंती बिलासपुर रेलवे में ऑनलाइन मनाई गई। हिंदी एवं पंजाबी की सुप्रसिद्ध साहित्यकार अमृता को याद करने के लिए रेलवे तथा रेलवे से जुड़े साहित्यकार ऑनलाइन शामिल हुए। उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, तनवीर हसन ने लटिया की छोकरी पर विस्तृत से चर्चा की। इस अवसर पर आमंत्रित कहानीकार/कवयित्री अतिया मसूद ने अमृता को याद करते हुए उनकी मशहूर कविता ''मैं तैनू फिर मिलांगी किथे'' का पाठ पंजाबी एवं हिंदी में किया। इस अवसर पर राजभाषा विभाग के कर्मचारी पुषोत्तम गवेल, सावन सिंह कंवर सहित काफी संख्या में श्रोताओं की ऑनलाइन भागीदारी रही।

## कोरोना की जांच रिपोर्ट अब मिलेगी एक क्लिक पर

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। अब कोरोना की जांच रिपोर्ट लेने के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने होंगे। एक क्लिक पर घर बैठे अब कोरोना की जांच रिपोर्ट देखी जा सकती है। इसके लिए सोमवार दिनांक २४.०८.२०२० को स्वास्थ्य विभाग ने अपनी वेबसाइट शुरू कर दी। कोरोना का सैंपल देने के बाद अपनी रिपोर्ट लेने के लिए लोग तीन से चार दिन तक परेशान रहते थे। वहीं पता न लगने पर लोग सीएमओ कार्यालय से लेकर अस्पतालों के चक्कर भी लगाते थे। कई बार ऐसी शिकायत भी हुई कि व्यक्ति की रिपोर्ट ही गलत बताई गई। सीएमओ डा. जीएस वाजपेयी के अनुसार कोविड-१६ के संभावित संक्रमितों की पॉजिटिव एवं निगेटिव रिपोर्ट आम जनता को उपलब्ध कराने के लिए नई व्यवस्था शुरू की गई है। अब डीएम के निर्देश पर वेबसाइट **covid19 report prayagraj.in** पर लॉगइन करके अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर देखकर सुविधानुसार इसका प्रिंट लिया जा सकता है।

## इलेक्ट्रिक इंजन से चलेंगी अब प्रयाग-लखनऊ मार्ग पर ट्रेनें

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ और प्रयागघाट के बीच अब यात्री ट्रेनें इलेक्ट्रिक इंजन से चलेंगी। प्रयागराज संगम-लखनऊ खंड में रायबरेली और लक्ष्मणपुर के मध्य ओवरहेड लाइन बिछाई जा रही है। सूत्रों के सात सितंबर को अनुसार रेलवे संरक्षा आयुक्त परीक्षण भी करेंगे। परीक्षण के बाद दोनों स्टेशनों के बीच संचालन किया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार प्रयाग के स्टेशन अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि खंड में कभी भी इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनें चलाई जा सकती हैं।

## अनलॉक-४ की गाइडलाइन पर मायावती ने की केंद्र की तारीफ



रे.स.ब्यू./ लखनऊ। कोरोना महामारी से निपटने के लिए पूरे देश में अनलॉक की एक समान नीति बनाकर उसे हर राज्य में लागू करने के कदम का बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार की तारीफ की है। ट्वीट के माध्यम मायावती ने रविवार दिनांक ३०.०८.२०२० को कहा कि बसपा की यह शुरू से मांग थी कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा कोरोना प्रकोप से निपटने के लिए देश भर में लॉकडाउन/अनलॉक की एक सामान नीति बनाकर उसे हर राज्य में लागू करे। उन्होंने कहा कि इससे जनता को सुविधा भी होगी। बतादें कि गृह मंत्रालय ने शनिवार को अनलॉक-४ संबंधी दिशा निर्देश जारी किए गए थे। इसमें एक महत्वपूर्ण निर्देश में मंत्रालय ने कहा था कि अब राज्य सरकारें केंद्र से सलाह लिए बगैर निषिद्ध क्षेत्र के बाहर स्थानीय स्तर पर लॉकडाउन लागू नहीं कर सकेंगी। वहीं मायावती काफी समय से केंद्र व राज्य सरकार के अनेक कदमों का समर्थन करती आ रही हैं ।

# N.F.RAILWAY CELEBRATES 74TH INDEPENDENCE DAY



RSB/ Maligaon: Northeast Frontier Railway celebrated the 74th Independence Day of the Nation in befitting manner. The central programme was held at the Maligaon Railway HQ complex, where Sanjive Roy, General Manager of N.F. Railway unfurled the National Flag. The General Manager also inspected an impressive Guard of Honour given to him by RPF contingents. This year the celebration was observed by following all the COVID – 19 protocols.

In his speech General Manager highlighted the problem being faced by the mankind and specially the rail parivaar in view of the pandemic situation and mentioned about the contribution of the N. F. Rail Parivaar to mitigate the crisis.

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के टी.श्रीनिवास राव प्रेमचंद पुरस्कार से हुए सम्मानित



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। रेल मंत्रालय अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रति वर्ष हिन्दी में मौलिक कहानी,उपन्यास,नाटक एवं अन्य गद्य साहित्य लेखन को प्रोत्साहन देने के लिए प्रेमचंद पुरस्कार और मौलिक काव्य-गजल संग्रह के लिए मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार प्रदान करता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य इंजीनियर कार्यालय में पदस्थ टी. श्रीनिविास राव, कार्यालय अधीक्षक को उनके कथा साहित्य में उत्कृष्ट योगदान स्वरूप में उनकी बहुप्रतीक्षत एवं बहुप्रशंसनीय पुस्तक "कन्याभोज" के लिये वर्ष २०१८ का द्वितीय (प्रेमचंद) पुरस्कार दिया गया है। टी. श्रीनिवास राव, विशेष तौर विशिष्ट क्षणिकाओं के माध्यम से व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर के रूप में प्रसि़द्ध है तथा विभिन्न मंचों एवं आकाशवाणी में भी उनकी रचनाओं का प्रसारण हो चुका है।

# रेलगाड़ियों को इंटरचेंज कर लखनऊ मंडल ने बनाया कीर्तिमान

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे का लखनऊ मंडल अपने भौगोलिक ,आध्यात्मिक एवं राजनैतिक महत्त्व के कारण भारतीय रेल के अति व्यस्त मंडलों में से एक है। उत्तर रेलवे एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने बताया कि दिनांक १६.०८.२०२० को लखनऊ मंडल ने २१० रेलगाड़ियों का इंटरचेंज का कार्य सफलतापूर्वक कर अपनी परिचालन सेवाओ में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। लखनऊ मंडल ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए १०७ रेलगाडियों को रिसीव किया तथा १०३ गडियो को दूसरी रेलवे को हैण्डओवर किया। कोविड-१६



महामारी के चलते कन्ट्रोल कार्यालय के लगभग ३० % कर्मचारियों की कमी के बावजूद लखनऊ मंडल ने यह उपलब्धि अर्जित की है।सीमित संसाधनों के बावजूद दिनांक ०१ अगस्त से १६ अगस्त की अवधि में लखनऊ मंडल पर रेलगाड़ियों की समयपालनता ६७.४५% रही तथा मालगाड़ियों के परिचालन में लगभग १२% की वृद्धि दर्ज की गयी।

# सितंबर २२ से २६ के मध्य होगी पीसीएस-२०१६ की मुख्य परीक्षा

प्रयागराज। पीसीएस मुख्य परीक्षा-२०१६ का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने घोषित कर दिया है। अब मुख्य परीक्षा २२ से २६ सितंबर के मध्य होगी जिसमें ४७४ पदों के सापेक्ष ६३२० परीक्षार्थी शामिल होंगे। बतादें कि प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम १७ फरवरी को जारी किया गया था। परीक्षार्थियों को कम यात्रा करनी पड़े इसके लिए पहली बार कोविड-१६ के कारण गाजियाबाद को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# सफलता के नित नये आयाम स्थापित कर रहा है मॉडर्न कोच फैक्टरी रायबरेली

साभार: सूचना विभाग, एमसीएफ/रायबरेली। महाप्रबंधक, एमसीएफ विनय मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष मे उत्पादन लक्ष्य २१७६ कोच है। एमसीएफ को १००० कोच के लिए डिजाइन किया गया है। २०१८-१६ मे डिजाइन क्षमता से अधिक तथा २०१७-१८ की तुलना में दो गुने से ज्यादा १४२५ कोच के उत्पादन का रिकार्ड आरेडिका द्वारा बनाया गया। विकास यात्र का सफर यहीं नहीं रूका तथा वर्तमान महाप्रबन्धक वी. एम. श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में एमसीएफ ने २०१६-२० में १६३० कोच बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया। कोविड-१६ वैश्विक महामारी से प्रभावित होने के बावजूद एमसीएफ द्वारा अगस्त माह में दिनाँक २७.०८.२०२० तक १४० कोच का उत्पादन किया जा चुका है जो अगस्त २०१६ के कुल उत्पादन १२८ कोच से अधिक हो चुका है और अब तक कुल उत्पादन ३६२ कोच का हो चुका है जबकि कोविड-१६ के चलते एमसीएफ केवल ७० प्रतिशत आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ उत्पादन कार्य कर रहा है। कोविड-१६ वैश्विक महामारी के प्रसार को रोकने हेतु सरकार द्वारा घोषित लॉकडाउन के बाद आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना मे उत्पादन दिनाँक २३.०३.२०२० से पूर्णतः बंद हो गया। यहाँ काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के लगभग २३०० परिवार (लगभग ४५०० सदस्य) आरेडिका की आवासीय कॉलोनी "प्रशांति परिसर" में रहते हैं। लॉकडाउन के दौरान आवश्यक सेवाओं को जारी रखने के लिए आरेडिका प्रशासन ने कर्मचारियों को चिन्हित कर उनका रोस्टर बनाकर कार्य कराया। सुरक्षा प्रबंधन और चिकित्सकीय सेवाएं भी अनवरत जारी रहे इसके लिए कर्मचारी कार्यरत थे। आरेडिका प्रशासन नें समन्वय हेतु एक सेंट्रल कण्ट्रोल रूम स्थापित किया। यह कण्ट्रोल रूम प्रतिदिन आरेडिका में होने वाली कोविड सम्बंधी गतिविधियों पर निगरानी रख रहा था। गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा रेलवे बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी सर्कुलर, क्व.क्वदजे आदि के बारे में सोशल मीडिया, मेल व अन्य साधनों के द्वारा लोगों को जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों के अनुपालन में लॉकडाउन अवधि के दौरान एमसीएफ के आवासीय एवं फैक्ट्री परिसर में निर्माण कार्य से जुड़े हुए संविदा कर्मचारियों के लिए राशन की व्यवस्था करवायी गई ताकि किसी को भी भूखे पेट न सोना पड़े। लॉकडाउन अवधि में कुल लगभग १२४०० व्यक्तियों की संख्या के बराबर (लगभग ४०० परिवारों) को राशन बाँटे गए। लॉकडाउन के कारण बहुत से ट्रक ड्राईवर एमसीएफ परिसर मे रूक गए थे। ट्रक ड्राईवरों के लिए जरूरी भोजन एवं पानी उपलब्ध कराया गया तथा इनकी नियमित थर्मल स्क्रीनिंग भी करवाई जाती रही। कोविड-१६ की रोकथाम हेतु लॉकडाउन अवधि के दौरान एमसीएफ में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए मास्क का वितरण, हाम्योपैथी दवा Arsenic Album-30 का वितरण, घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्री जैसे कि फल, सब्जी, दूध, किराने का सामान आदि घर-घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। रायबरेली जिला प्रशासन से शर्तो के साथ एमसीएफ को शुरू करने कि अनुमति मिलने के बाद दिनांक ०६.०५.२०२० से कार्यालय व कार्य प्रारम्भ होने के बाद कारखाना एवं कार्यालयों में कोविड-१६ से बचाव संबंधी जरूरी तैयारियां की गई। इसमे सेनिटाईजेशन, कार्यालय एवं कारखाना परिसर के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्क्रीनिंग इत्यादि कि व्यवस्था की गई। कोरोना वायरस महामारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किये गए पैम्फ्लेट बॉटे गए। एमसीएफ के आई टी विभाग तथा आरपीएफ द्वारा **CARES Application** बनाया गया है। इसके द्वारा रियल टाइम बेस पर कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियों के नजदीकी स्थान से आने वाले व्यक्तियों को ट्रेस किया जाता है तथा इसके माध्यम से एमसीएफ में उनके प्रवेश को वर्जित किया जा रहा है।

कोविड-१६ से बचाव के लिए जिला कोविड टीम के सदस्यों के सहयोग से RTPCR टेस्ट की व्यवस्था एमसीएफ के आवासीय परिसर स्थित वर्कर क्लब में करवाया गया जिसमे एमसीएफ के कर्मचारियों एवं उनके परिवारीजन ने टेस्ट करवाया। सबसे पहले एमसीएफ परिसर में एक कर्मचारी के दो रिश्तेदार संक्रमित होकर आये जिसकी जानकारी मिलते ही प्रबंधतंत्र ने बचाव के समुचित उपाय करते हुए परिसर को सैनेटाइज कराया। हाल ही में एमसीएफ के एक अधिकारी कोरोना संक्रमित मिले हैं जिनका इलाज दिल्ली में चल रहा है।

कोविड-१६ से बचाव हेतु सभी सरकारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के बावजूद इस वर्ष जुलाई माह में १५१ कोच का उत्पादन किया गया जो अब तक किसी भी वर्ष के जुलाई माह का अधिकतम उत्पादन है।

**सम्पादकीय**

## आत्मनिर्भर बनने की है जरूरत

आत्मनिर्भरता को रेखांकित करते हुए मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एक बार फिर इस पर खासा जोर दिया कि देश को खिलौनों और मोबाइल गेम्स के मामले में भी आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। वर्तमान में दुनिया का खिलौना बाजार करीब सात लाख करोड़ रुपये का है, लेकिन उसमें भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है। उन्होंने जिस तरह यह कहा कि अब सभी के लिए देश में बने खिलौनों की मांग करने का समय आ गया है, उससे यही स्पष्ट होता है कि यह स्वाभाविक है।पर यह तभी संभव होगा जब उनकी गुणवत्ता और उत्पादकता विश्व स्तर की होगी। वह देश के खिलौना बाजार में चीन के वर्चस्व को खत्म करना चाहते हैं। खिलौना उद्योग को प्रधानमंत्री बेहतर काम करते हुए देखना चाहते हैं, इसका पता इससे चलता है कि चंद दिनों पहले उन्होंने स्वदेशी खिलौना उत्पादन को लेकर कई वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की थी। यदि विश्व बाजार में चीन को पछाड़ना है तो भारतीय खिलौना उद्योग को उससे बेहतर करना होगा। सच तो यह है कि खिलौनों के साथ-साथ वे सभी वस्तुएं भारत में बननी चाहिए, जो पहले यहां बनती थीं, लेकिन कालांतर में उनका चीन से आयात होने लगा। यह जिन भी कारणों से हुआ हो, लेकिन ऐसा होने देना एक भूल थी। इस कोशिश को सफल बनाने में देशवासियों को भी योगदान देना होगा, लेकिन असली काम तो उद्यमियों और सरकार को ही करना है। ध्यान रहे कि आत्मविश्वास ही आत्म-निर्भरता की कुंजी है। यह तब है जब देश के कई हिस्सों में खिलौने बनाने की समृद्ध परंपरा रही है। इस परंपरा को नए सिरे से बल देना होगा और वह भी इस तरह कि देश में बने खिलौने न केवल देश की मांग पूरी कर सकें, बल्कि विश्व बाजार में भी अपना स्थान बना सकें।

# जम्मू एवं कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने किया उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक कार्य का पुनरावलोकन



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। लेफ्टिनेंट गवर्नर, जम्मू एवं कश्मीर मनोज सिन्हा ने चेयरमैन रेलवे बोर्ड विनोद कुमार यादव के साथ दिनांक-२२.०८.२०२० को मीटिंग की। इस मीटिंग का मुख्य केंद्र-बिंदु उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक राष्ट्रीय परियोजना को समय से पूरा करने पर पुनरावलोकन किया गया। इस राष्ट्रीय परियोजना को रेल मंत्रालय एवं जम्मू एवं कश्मीर राज्य सरकार के आपसी समन्वयन से समय से पूरा किया जाएगा।मीटिंग में महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे राजीव चौधरी, मंडल रेल प्रबंधक, फिरोजपुर राजेश अग्रवाल, प्रिंसिपल मुख्य अभियंता आर. सी. ठाकुर, प्रिंसिपल मुख्य परिचालन प्रबंधक राजीव सक्सेना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ए. के. लाहोटी, एवं अन्य अधिकारी सम्मिलित हुए। कोरोना के दौरान उत्पन्न हुए बाधाओं और चुनौतियों के बावजूद फिरोजपुर मंडल जम्मू एवं कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक राष्ट्रीय परियोजना सहित अन्य सभी रेल परियोजनाओं को समय से पूरा करने पर जोर दे रही है। अनेक चुनौतियों के बावजूद चिनाब पुल का कार्य वर्ष २०२१ में पूरा कर लिए जाने की संभावना है। उधमपुर - श्रीनगर- बारामुला रेल लिंक परियोजना का समस्त कार्य दिसंबर २०२२ तक पूरा कर लिया जाएगा।

इस परियोजना के अंतर्गत कटड़ा और बनिहाल के बीच बनाई जा रही रेल लाइन का कार्य सबसे कठिन है, क्योंकि यह रेल लाइन हिमालय के दुर्गम क्षेत्रों से होकर गुजरती है।

**टेलीकॉम गीयरों का पुनरुद्धार एवं रखरखाव**

**ई-निविदा सूचना सं.: आरएन-एसटी-04-2020-21, दिनांक: 19-08-2020।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.:** आरएन-एसटी-04-2020-21; **कार्य का नाम:** रंगिया मंडल में तीन शाखा लाइनों (i) रंगापाड़ा नॉर्थ-डेकरगाँव (ii) बालीपाड़ा-भीलगाँव (iii) हरमुटी-नाहरलगून सहित रंगिया-रंगापाड़ा नॉर्थ-नॉर्थ लखीमपुर-मुरकोंगसेलेक में टेलीकॉम गीयरों का पुनरुद्धार एवं रखरखाव। **निविदा मूल्य:** ₹ 56,52,736.75। **बयाना राशि:** ₹ 1,13,100। **ई-निविदा बंद होने की तारीख** एवं **समय: 11-09-2020 को अपराह्न 3.00 बजे** तथा **निविदा** सीनि. डीएसटीई/रंगिया के कार्यालय में **दिनांक 11-09-2020 को अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएगी।** विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

**मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, रंगिया**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## छूट के साथ ३० सितंबर तक जमा करें गृहकर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। छह प्रतिशत छूट के साथ नगर निगम क्षेत्र के रहने वाले लोग ३० सितंबर तक गृहकर जमा कर सकते हैं। ३१ अगस्त तक तक ये छूट दस प्रतिशत थी। जिसका लाभ शहर के ६० हजार लोगों ने उठाया है और गृहकर के रूप में करीब २५ करोड़ रुपये जमा हुए। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके मिश्रा ने बताया कि इस छूट को अब छह प्रतिशत कर दिया गया है। ३० सितंबर तक गृहकर जमा करने वाले लोगों को इस छूट का लाभ मिलेगा।

## पीसीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत २२ बने आईएएस अधिकारी

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। आईएएस संवर्ग में पीसीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी समेत २२ अफसरों को सोमवार दिनांक ३१.०८.२०२० को पदोन्नति दे दी गई। डीओपीटी की ओर से पदोन्नति की अधिसूचना जारी होने के बाद शासन के नियुक्ति विभाग ने पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए है। अधिकारियों ने अपने मौजूदा पदों पर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। बतादें कि पीसीएस से आईएएस संवर्ग में पदोन्नति के लिए संघ लोक सेवा आयोग में १८ अगस्त को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई थी। इसमें २६ पदों में से २२ पर पदोन्नति की संस्तुति की गई थी। डीओपीटी ने आयोग की संस्तुतियों पर मुहर लगाते हुए २२ पीसीएस अफसरों की पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए।

वहीं चार अफसरों के खिलाफ जांच लंबित होने की वजह से उनकी पदोन्नति न करने पर फैसला हुआ था। विशेष सचिव नियुक्ति धनंजय शुक्ला के अनुसार सभी पदोन्नत अधिकारी पीसीएस मौजूदा पदों पर ही आईएएस संवर्ग के वरिष्ठ वेतनमान में कार्यभार ग्रहण करेंगे और अगले आदेश तक वर्तमान पदों पर ही बने रहेंगे।

## यूपी बोर्ड के ४१२ स्कूलों को मिली इंटर की मान्यता

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बोर्ड परीक्षा २०२२ के लिए इंटर की मान्यता ४१२ स्कूलों को मिली है। २६ अगस्त को विशेष सचिव आर्यका अखौरी ने इंटरमीडिएट स्तर पर अतिरिक्त विषय एवं अतिरिक्त वर्ग की मान्यता के आदेश जारी कर दिए। यह आदेश नियमानुसार सत्र शुरू होने से पहले ही एक अप्रैल को जारी हो जाना चाहिए था, लेकिन कोरोना के चलते पांच महीने का विलंब हुआ।

आदेश के मुताबिक सर्वाधिक १४२ मान्यता प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन स्कूलों को मिली है। इन स्कूलों में वर्तमान सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राएं २०२१ में ११वीं की परीक्षा देंगे और २०२२ में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा। वाराणसी के ६२, गोरखपुर के ५६, मेरठ के ६५, और बरेली क्षेत्रीय कार्यालय के २४ स्कूलों को मान्यता दी गई है।

## ई पास की सुविधा रेल कर्मचारियों के लिए हुई शुरू

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र द्वारा कार्यरत कर्मचारियों के लिए ई-पास की सुविधा पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में शुरू हो गई है।

लखनऊ मंडल में पहला ई-पास एवं यात्रा टिकट जारी किया गया है। अब यानी सभी कर्मचारियों के लिए जारी हो रहे पास अब ऑनलाइन ही जारी किए जाएंगे।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अन्य पास धारकों के लिए भी ई-पास की व्यवस्था भी जल्द शुरू की जाएगी। वहीं कर्मचारी पास बनवाने के लिए ऑनलाइन ही आवेदन करेंगे और ई-पास भी ऑनलाइन ही जारी होंगे। ई-पास प्रक्रिया पूर्ण रूप से प्रारंभ होने तक वर्तमान पास प्रणाली भी कार्य करती रहेगी।

इसके लिए मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली पोर्टल का प्रयोग किया जाएगा। ई-पास के लिए सभी स्टेशनों पर पीसी पास क्लर्क बनाए जाएंगे। अक्टूबर २०२० से ई-पास पूर्ण रूप से लागू हो जाएगा।

## उत्तर मध्य रेलवे में हुआ सद्भावना दिवस का आयोजन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। हर वर्ष २० अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। सद्भावना दिवस का ध्येय सभी धर्मो, भाषा और क्षेत्रों के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकीकरण और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। सद्भावना दिवस के पालन के पीछे का विचार हिंसा से बचना और लोगों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देना है। यह प्रतिज्ञा २० अगस्त २०२० को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी एवं सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज, आगरा एवं झांसी मण्डल सहित विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों ने कोविड -१६ संबंधित सभी सावधानियों का पालन करते हुये सद्भावना प्रतिज्ञा ली।

# उत्तर रेलवे मे कार्य-निष्पादन समीक्षा बैठक आयोजित

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। उत्तर एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर रेलवे के विभागीय प्रमुखों के साथ एक समीक्षा बैठक की।

उन्होंने सभी विभागों को समयपालनबद्धता और गतिशीलता बढ़ाने जैसे कार्यों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने रेलफ्रैक्चिरों को न्यूनतम रखने के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने रेल परिसरों में पर्यावरण अनूकुल वातावरण बनाने और स्वच्छता बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने रेलवे स्टेशनों और माल शैडों में प्रदूषण का स्तर जांचने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने फाफामाऊ-प्रयाग, आलमनगर-उतरेटिया, हरिद्वार- रोजा-सीतापुर, कठुआ - माधोपुर, मुजफ्फरनगर- टपरी सैक्शनों का दोहरीकरण और रेवाड़ी-रोहतक और रोहतक-मेहम-हंसी सैक्शन पर नई रेल लाइन बिछाने आदि कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने इन कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

# नैनी जेल में मिले ३६ कैदी संक्रमित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। नैनी जेल में एक साथ ३६ कैदी कोरोना संक्रमित मिले। बुधवार दिनांक २६.०८.२०२० को एक साथ इतनी संख्या में कैदियों के संक्रमित होने से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक बुधवार को रेलवे का एक असिस्टेंट लोको पायलट, सीआरपीएफ एचडीएफसी बैंक के मैनेजर, बिग बाजार का कर्मचारी, बैंक ऑफ बड़ौदा सैदाबाद का बैंक मैनेजर, आरएएफ के तीन जवान, एनटीपीसी मेजा के १७ कर्मचारी पॉजिटिव पाए गए।

# उत्तर मध्य रेलवे में हिंदी निबंध तथा वाक् प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रचनात्मक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी महेन्द्र नाथ ओझा के मार्गदर्शन में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा क्षेत्रीय रेल स्तर पर हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन एवं हिंदी निबंध तथा वाक् प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाप्रबंधक कार्यालय सहित सभी मंडलों और कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। नई शिक्षा नीति का महत्व'विषय पर आयोजित हिंदी वाक् प्रतियोगिता में महाप्रबंधक कार्यालय के प्रतिभागी उपस्थित थे कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में ऑनलाइन सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में एम. एस. नजमी,वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/टेली.,निर्माण संगठन, मुख्यालय को प्रथम स्थान,विकास कुमार पाठक,लेखा सहायक,लेखा विभाग, मुख्यालय को द्वितीय स्थान तथा सुदेश राव, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, झांसी कारखाना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# केंद्रीय सरकार के सिविल पेंशनधारक डिजी लौकर में कर सकते हैं अब इलेक्ट्रोनिक पीपीओ स्टोर

प.सू.का/नई दिल्ली। पेंशन एवं पेंशनधारी कल्याण विभाग के संज्ञान में आया था कि कई पेंशनधारक पीपीओ की मूल प्रतियां खो देते हैं, जो एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

पीपीओ के अभाव में, इन पेंशनधारकों को उनके सेवानिवृत्त जीवन के विभिन्न चरणों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी के अनुरूप, पेंशन एवं पेंशनधारी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू)ने केंद्रीय सरकार के सिविल पेंशनधारकों की सुगमता को बढ़ाने के लिए सीजीए (नियंत्रक महालेखाकार)के पीएफएमएस आवेदन के जरिये सृजित इलेक्ट्रोनिक पेंशन पेमेंट आर्डर (ई-पीपीओ) को डिजी लौकर के साथ समेकित करने का निर्णय किया है।

यह प्रणाली किसी भी पेंशनधारी को उनके डिजी लौकर खाते से उनके पीपीओ की नवीनतम प्रति का तत्काल एक प्रिंट आउट प्राप्त करने में सक्षम बनायेगी।

# दिल्ली में चली मच्छर मार विशेष रेलगाड़ी


रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। रेल पटरियों के किनारे बने गडढों एवं एकत्रित पानी में मच्छरों को पनपने से रोकने और उन्हें नियंत्रित करने तथा रेल पटरियों के किनारों पर रहने वाले लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह मच्छर मार विशेश रेलगाड़ी चलाई गयी है। दिल्ली क्षेत्र में रेल पटरियों के किनारे मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए "मॉस्किटो टर्मिनेटर ऑन व्हील्स" मच्छर मार विशेष रेलगाड़ी चलाई गयी। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए एक ट्रक को रेलगाड़ी के खुले डिब्बे पर लोड किया गया है। यह रेलगाड़ी संलग्न कार्यक्रम के अनुसार दिनांक ०२.१०.२०२० तक हजरत निजामुद्दीन, लाजपत नगर, सेवा नगर, लोधी कालोनी, दिल्ली सफदरजंग, बराड स्केयर, इंद्रपुरी, मायापुरी, पटेल नगर, दयाबस्ती, दिल्ली किशनगंज, सदर बाजार, दिल्ली शाहदरा और नई दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य इलाकों से होकर गुजरेगी।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने बताया कि उत्तर रेलवे तीनों नगर निगमों के साथ तालमेल स्थापित करके रेलवे के क्षेत्र में मच्छर मार दवाई छिड़काव का कार्य करने की योजना बना रही है ताकि रेलवे कालोनियों और रेल भूमि पर मच्छरों के पनपने को रोका जा सके।

# अगले माह शुरू हो सकता है कानपुर से शताब्दी समेत छह जोड़ी ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र. कानपुर सेंट्रल से अगले महीने छह ट्रेनों का संचालन शुरू हो सकता है जिसके लिए सात सितंबर को रेलवे बोर्ड इस मामले की समीक्षा करेगा। इस सूची में लखनऊ और कानपुर से चलने वाली दोनों शताब्दी एक्सप्रेस, कानपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस, प्रयागराज-जयपुर एक्सप्रेस, इंदौर-पटना एक्सप्रेस लखनऊ- एलटीटी एक्सप्रेस, भी शामिल हैं। अगले महीने से उम्मीद है कि ये ट्रेनें कानपुर सेंट्रल होकर चलने लगेंगी।

# हरित दिवस पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने किया पौधारोपण



रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने हरे-भरे और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को निभाते हुए दिनांक २८.०८.२०२० को पौधारोपण करके हरित दिवस का आयोजन किया।

इस अवसर पर रेलकर्मियों और स्थानीय लोगो में जागरूकता फैलाने के लिए उत्तर एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, राजीव चौधरी ने उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उनके साथ उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय के विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, एस.सी.जैन, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ इन पौधों को बचाने के लिए हर तरह की देख-भाल भी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से पर्यावरण को संरक्षित रखने, अतिक्रमणों को रोकने और स्टेशनों, रेलगाड़ियों और कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# रेलवे अधिकारी की नेशनल शूटर बेटी ने की मां और भाई की गोली मारकर हत्या

रे.स.ब्यू./सूत्र. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रेलवे में आईआरटीएस अधिकारी राजीव दत्त बाजपेई की पत्नी व बेटे की शनिवार दिनांक २६.०८.२०२० को दिन दहाड़े अधिकारी की बेटी ने गोली मारकर हत्या कर दी। मौके से पुलिस को पॉइंट २२ बोर की एक पिस्टल मिली है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि अधिकारी की बेटी डिप्रेशन की मरीज है। वारदात में इस्तेमाल पिस्टल बरामद कर ली गई है। दोहरे हत्याकांड की सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने आरडी बाजपेई का बंगला खंगाला तो बाथरूम में एक अजीबोगरीब बात दिखी। वहां लाल रंग से शीशे पर लिखा था 'डिसक्वालीफाइड ह्यूमन और बीचो-बीच गोली का निशान थे। आरोपी ने बताया कि उसने जैम से लिखकर खुद ही गोली मारी थी। पुलिस कमिश्नर सुजीत पाण्डेय ने बताया कि रेलवे अधिकारी आरडी बाजपेई दिल्ली में तैनात हैं लखनऊ में रेलवे के सरकारी आवास में उनकी पत्नी मालती, बेटा सर्वदत्त उर्फ शरद बाजपेई व बेटी रहते थे।

## अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, अंनलॉक डाउन का पूरी तरह पालन करें,उचित दूरी बनाए रखें और अति आवश्यक कार्य हेतु ही बाहर निकलें।

- प्रधान संपादक

# जिलाधिकारी प्रयागराज ने किया रेलवे अस्पताल का निरीक्षण



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। कोविड मरीजों के सम्बंध में जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ने रेलवे अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक उपयोगी सामाग्री, औषधियों तथा उपकरणों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की उपलब्धता एवं कर्मचारियों के द्वारा मानक के अनुसार शिफ्ट में कार्य किया जा रहा है या नहीं, जिसपर वहां के चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि मानक के अनुरूप शिफ्ट वाइज डॉक्टर, नर्स एवं वार्ड ब्वाय की टीम लगायी गयी है। जिलाधिकारी ने अस्पताल में डॉक्टरों को बढ़ाने के निर्देश दिये है।

बैठक में विकास अधिकारी आशीष कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० जी०एस० वाजपेयी, डा.विनीत अग्रवाल, चिकित्सा निदेशक (रेलवे अस्पताल) सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

# अनलॉक-4 की गाइडलाइन हुई जारी




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अनलॉक-४ में कई गतिविधियों को केंद्र सरकार ने अनुमति दे दी हैं। सीमित दायरे में २१ सितंबर से शादी के अलावा अन्य गतिविधियों को भी अनुमति दी गई है। यह एक सितंबर से लागू होगी और ३० तक प्रभावी रहेगी। गाइडलाइन के अनुसार इस अवधि में भी स्कूल-कालेज, कोचिंग संस्थान तथा अन्य शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे, लेकिन २१ सितंबर के बाद राज्य ५० फीसदी टीचिंग तथा नॉन टीचिंग स्टाफ को बुला सकेंगे। अन्य गतिविधियों पर हालांकि, परिस्थितियों के अध्ययन तथा सभी बिंदुओं पर समन्वयक के बाद ही निर्णय लिया जाएगा कि इनमें से किन-किन गतिविधियों को अनुमति दी जाए। वहीं २१ सितंबर के बाद सांस्कृतिक,सामाजिक, खेल, मनोरंजन, धार्मिक, राजनीतिक गतिविधियों की भी अनुमति दी जा सकती है लेकिन इनमें १०० लोग को ही शामिल होने की अनुमति है। इस दौरान उन्हें सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क आदि नियमों का पालन करना होगा। प्रयागराज के जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने कहना है कि परिस्थितियों का आंकलन कर के ही निर्णय लिए जाएंगे।

# रेलवे ने 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' के तहत २१ अगस्त, २०२० तक किए ६,४०,००० से भी अधिक कार्य दिवस सृजित

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने ६ राज्यों यथा बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' के तहत ६,४०,००० से भी अधिक मानव कार्य दिवस सृजित किए हैं।


रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इन परियोजनाओं की प्रगति और इस योजना के तहत इन राज्यों के प्रवासी श्रमिकों के लिए सृजित कार्य अवसरों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

इन राज्यों में लगभग १६५ रेल अवसंरचना परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। २१ अगस्त, २०२० तक १२,२७६ श्रमिकों को इस अभियान से जोड़ा गया है और कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं के लिए ठेकेदारों को १,४१०.३५ करोड़ रुपये की भुगतान राशि जारी की गई है। रेलवे ने प्रत्येक जिले के साथ-साथ राज्यों में भी प्रमुख (नोडल) अधिकारी नियुक्त किए हैं, ताकि राज्य सरकार के साथ सही ढंग से समन्वय स्थापित किया जा सके।

# भारत में कोरोना वैक्सीन पर काम हुआ तेज

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से निजात पाने के लिए कोरोना वैक्सीन की खोज जारी है। इसी बीच भारत सरकार ने भी कोरोना वैक्सीन पर काम तेज कर दिया है। कोविड १६ का टीका यूके के ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका और एनआईएआईडी विकसित कर रहे हैं, जिस पर भारत सरकार अपनी नजर बनाए हुए है। सरकार अब हैदराबाद में भारत बायोटेक और अहमदाबाद स्थित जायडस कैडिला के परिक्षणों को भी बारीकी से देखेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार भारत फिलहाल रूस द्वारा किए गए परिक्षणों पर अपनी नजर बनाए हुए है, बतादें कि रूस कुछ सप्ताह में ही कोरोना वायरस की पहली वैक्सीन बना चुका है। दुनियाभर में वर्तमान में २६ टीकों के क्लिनिकल ट्रायल चल रहा हैं। वहीं अभी १३८ से ज्यादा वैक्सीन ऐसी हैं जिनकी अभी जानवरों पर ही टेस्टिंग चल रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कोरोना वैक्सीन को आने में कम से कम अगले साल का वक्त तो लगेगा।

# नहीं रहे जाने-माने शास्त्रीय गायक पंडित जसराज राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया दुख



नई दिल्ली। अमेरिका के न्यूजर्सी में जाने-माने शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का निधन हो गया है। वह ६० वर्ष के थे। उनके निधन पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं ने दुख जताया है। ट्वीटर के माध्यम से राष्ट्रपति ने कहा कि पंडित जसराज के निधन ने मुझे निजी तौर पर दुखी किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित जसराज ने आठ दशकों से अधिक के अपने करियर को जीवंत करते हुए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडु ने पंडित जसराज के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कहा कि उनका निधन भारतीय शास्त्रेय संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके निधन से भारतीय शास्त्रीय विधा में एक बड़ी रिक्तता पैदा हो गई है।

> राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
>
> सरदार वल्लभ भाई पटेल

# भारत ने ३ करोड़ से अधिक कोविड परीक्षण करके बनाया नया कीर्तिमान

प.सू.का/नई दिल्ली। भारत ने केन्द्र और राज्य/केन्द्रशासित प्रदेशों की सरकारों के केन्द्रित, सुसंगत और समन्वित प्रयासों के विधान में ३ करोड़ कोविड परीक्षण आयोजित करने के नए कीर्तिमान को स्थापित किया है।

पूरे देश में आसानी से परीक्षण के लिए स्थापित दैनिक प्रयोगशाला नेटवर्क और आराम से परीक्षण की सुविधा के कारण परीक्षणों को काफी बढ़ावा मिला है। भारत अपनी परीक्षण क्षमता प्रतिदिन १० लाख तक बढ़ाने के संकल्प अभियान पर हैं। इस उपलब्धि के आधार पर परीक्षण प्रति १० लाख व्यक्ति तेजी से बढ़कर २१,७६६ हो गया है।

जबकि संचयी परीक्षण जो १४ जुलाई २०२० को १.२ करोड़ था १६ अगस्त २०२० को बढ़कर ३.० करोड़ हो गया।

पॉजिटिव मामलों की दर इसी अवधि के दौरान ७.५ प्रतिशत से बढ़कर ८.८१ प्रतिशत हो गई है।

# पूर्व मध्य रेल में 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' का आयोजन




रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल ललित चंद्र त्रिवेदी, के निर्देशन में पूर्व मध्य रेल क्रीड़ा संघ द्वारा दिनांक २३.०८.२०२० को स्वस्थ रहने एवं दूसरों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पाटलीपुत्र रेल परिसर में "फिट इंडिया फ्रीडम रन" का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में पाटलीपुत्र रेल परिसर में अपर महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल अशोक कुमार द्वारा इस दौड़ का शुभारंभ गुब्बारे उड़ाकर किया गया जिसमें बड़ी संख्या पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के उच्चाधिकारीगण एवं रेलकर्मियों ने हिस्सा लिया।

# यू.पी.बोर्ड को टॉपरों का मंत्री नन्दी ने किया सम्मानित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तरप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कोरोना के सभी मानकों का पालन करते हुए यू. पी. बोर्ड के १०वीं और १२वीं कक्षा में अव्वल रहे छात्रों के घर जा कर सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सृष्टि पुत्री मूलचंद और १०वीं में ही प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नमन सिंह पूत्र को, मोमेंटो और ट्रॉफी एवं ११००० रुपए प्रोत्साहन राशि के तौर पर देकर सम्मानित किया, इस अवसर पर उन्होने कहा कि ये बेहद गर्व की बात है कि प्रयागराज के होनहार बच्चों का सम्मान और उनका उत्साहवर्धन करने का शुभ अवसर मुझे मिला। मंत्री ने बताया कि वो कई वर्षो से मेधावियों को सम्मान करते रहें हैं, नन्दी ने कहा कि मैं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और ये वादा करता हूं कि भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी आने पर वो हमेशा तत्पर रहेंगे।

# निजी अस्पतालों में एंटीजन जांच होगी निःशुल्क

प्रयागराज। स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए कोविड के जांच का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है। निजी अस्पताल संचालकों के साथ जिलाधिकारी और सीएमओ की हुई बैठक में तय किया गया है कि शहर के ३० निजी अस्पतालों में संभावित संक्रमितों की निःशुल्क एंटीजन जांच कराई जाएगी। जिसके लिए चिह्नित अस्पतालों को किट स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध कराएगा।

# अब हवाई यात्रा में यात्री का चेहरा बनेगा बोर्डिंग पास

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। अब हवाई यात्रा के तहत यात्रियों के प्रवेश के लिए प्रयागराज एयरपोर्ट समेत देश के कई एयरपोर्ट में उनका चेहरा ही उनके बोर्डिंग पास का काम करेगा। कुछ चयनित उड़ानों के लिए डिजी यात्रा का पायलट प्रोजेक्ट मुंबई और हैदराबाद में शुरू किया गया था। प्रयोग सफल होने पर इसका अब विस्तार किया जा रहा है। कोरोना की वजह दरअसल, एयरपोर्ट अथॉरिटी प्रशासन ने कागज रहित की तैयारी की है। वहीं अनलॉक के दौरान तैयारी की जा रही है कि हवाई अड्डे पर प्रवेश के लिए पहचान पत्रों की आवश्यकता न पड़े और सुरक्षा जांच के लिए यात्रियों को लंबी कतारों में खड़े रहने की जरूरत नहीं होगी।

बल्कि पांच सेकंड से भी कम समय में बॉडी स्कैनर से गुजरते ही वे सुरक्षा की बाधाओं से पार हो जाएंगे।

# पश्चिम मध्य रेल जबलपुर में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की १७०वीं बैठक आयोजित

रे.स.ब्यू./सूत्र। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में संजय विश्वास मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जबलपुर की १७०वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोविड-१६ से बचाव संबंधी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में संजय विश्वास ने कहा कि हिंदी भाषा के महत्व को समझकर ही देश के संविधान निर्माताओं ने इसे राजभाशा के रूप में स्वीकार किया। अब हमारा कर्तव्य् है कि राजभाषा का अधिकाधिक प्रयोग हम अपने कार्यो में करें।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक व अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी अंजू मोहनपुरिया, एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (सा.) दीपक कुमार गुप्ता सहित सभी शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

# आजाद पार्क में कोरोना काल से गिरी कमाई

रे.स.ब्यू./सूत्र। चंद्रशेखर आजाद पार्क का कोरोना काल में रखरखाव पर संकट खड़ा हो गया है। पार्क आनलॉक में कुछ घंटों के लिए जरूर खोला जा रहा है, लेकिन उसकी कमाई में ६० प्रतिशत तक घट चुकी है। जिसके कारण पार्क के मरम्मत समेत कई कार्य नहीं हो पा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार टिकट की बिक्री से वर्ष में करीब सवा करोड़ रुपये की आमदनी हो जाती थी। आनलॉक में पार्क सुबह-शाम के लिए खोला गया है, लेकिन कम लोग ही कोरोना के कारण आते हैं। सूत्रों के अनुसार अधीक्षक डॉ.सीमा राणा ने बताया कि यही हालात रहे तो एक वर्ष में टिकट से करीब नौ लाख रुपये की ही आमदनी ही हो पाएगी जबकि रखरखाव पर करीब एक करोड़ रुपये सालाना खर्च होते हैं।

# IRCTC and SBI Card launch Co-branded Contactless Credit Card on RuPay Plat form

**Source/IRCTC/New Delhi : In yet another initiative towards pursuance of the vision of Hon'ble Prime Minister of** 'Aatma Nirbhar Bharat', 'Digital India' **and** 'Make In India' **and towards fulfillment of the mission of Hon'ble Minister of Railways and Commerce & Industry, Piyush Goyal in achieving greater self reliance for** 'Aatma Nirbhar Bharat' **and engaging with the world from a position of strength, IRCTC and SBI Card together launched their new Co-branded Contactless Credit Card on RuPay Platform.**

**The new credit card was dedicated to the service of the nation today by Sh. Piyush Goyal, Hon'ble Minister of Railways and Commerce & Industry. S peaking on the occasion, Hon'ble Minister of Railways and Commerce & Industry, Piyush Goyal said " We are strongly committed in making Railways** 'Aatma Nirbhar' **in all the fields with** 'Make In India' **initiatives as envisaged by Hon'ble Prime Minister. The IRCTC SBI co-branded card working on RuPay Platform is one of the many "Make In India" activities undertaken by the Railways" With the aim to offer a safe transaction environment to the customers, the new RuPay credit card is equipped with Near Field Communication (NFC) technology whereby the users can expedite their transactions at the POS machines by just tapping the card on the machines without requiring to swipe the card. Designed to reward frequent railway travellers, the new co-branded credit card offers the rail passengers maximum savings proposition on their travel together with exclusive benefits on retail, dining and entertainment as well as transaction fee waivers.**

**The Cardholders will receive up to 10% value back on 1st AC, 2nd AC, 3rd AC, Executive Chair Car & AC Chair Car bookings made at IRCTC website. The card also offers online transaction fee waiver (1% of transaction amount), 1% fuel surcharge waiver and 4 premium lounge free access at Railway stations in a year (one per quarter).**

**The users of the card will receive 350 Bonus Reward Points upon activation of the card with a minimum spent. The users can redeem the accumulated reward points against purchase of train tickets on IRCTC's ticketing website. In addition to savings on rail travel, the IRCTC SBI card offers several benefits for online shopping portals. Customers can avail discounts while shopping at e-commerce sites.**

**With RuPay's increasing market share and gaining popularity among Indian customers, the RuPay powered IRCTC SBI Cobranded Credit Card is yet another step to provide RuPay users a delightful shopping experience. The new co-branded credit card together substantiates the commitment of IRCTC, SBI Card and RuPay for promoting the Digital India initiatives and aims to ensure a safe, convenient and improved travel experience for the rail passengers.**

# ट्रेनों कि अधिक संख्या को, प्रयागराज जंक्शन पर बनेगा एक और प्लेटफॉर्म

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन पर ट्रेनों की अधिक संख्या देखते हुए एक और प्लेटफॉर्म बनाने की योजना बनी है। जिसके लिए रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार प्रयागराज मंडल के एक इंजीनियर ने बताया कि आठ और नौ नंबर प्लेटफॉर्म के मध्य नया प्लेटफॉर्म बनाने की योजना है। स्टेशन के यार्ड को भी डायमंड क्रॉसिंग बनाने का प्रस्ताव है। कुम्भ के पहले जंक्शन पर छह नंबर प्लेटफॉर्म बनाया गया था। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह के अनुसार अभी सिर्फ जंक्शन के यार्ड में बदलाव का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है।

# अब रेलवे रखेगा ड्रोन से अपनी संपत्ति पर नजर

प.सू.का/नई दिल्ली। ड्रोन निगरानी तकनीक सीमित जनशक्ति वाले व्यापक क्षेत्रों में सुरक्षा निगरानी के मामले में एक महत्वपूर्ण और लागत प्रभावी उपकरण के रूप में उभरी है। भारतीय रेलवे में मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन ने हाल ही में रेलवे परिसर, रेलवे ट्रैक सेक्शन, यार्ड, वर्कशाप आदि जैसे रेलवे क्षेत्रों में बेहतर सुरक्षा और निगरानी के लिए दो निंजा यूएवी खरीदे हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), मुंबई के चार कर्मचारियों की एक टीम को ड्रोन उड़ान, निगरानी और रखरखाव के लिए प्रशिक्षित किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे सुरक्षा के उद्देश्य से ड्रोन के व्यापक उपयोग की योजना बनाई है। ३१.८७ लाख रुपये की लागत से अब तक आरपीएफ द्वारा दक्षिण पूर्व रेलवे, मध्य रेलवे, आधुनिक कोचिंग फैक्टरी, रायबरेली और दक्षिण पश्चिम रेलवे के लिए नौ (०६) ड्रोन खरीदे गए हैं। ड्रोन निगरानी को रेलवे की संपत्ति, क्षेत्र की संवेदनशीलता, अपराधियों की गतिविधि आदि के आधार पर तैयार किया गया है।

## श्रीराम मंदिर निर्माण एक नए युग की शुरुआत-

-सीएम योगी आदित्यनाथ



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। महंत अवेद्यनाथ व महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर उनको याद करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित व्याख्यान में अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीरामजन्म भूमि पर भव्य मंदिर निर्माण एक नई युग की शुरुआत है और निर्माण से पूरा देश गौरव की अनुभूति कर रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार दिनांक ३१.०८.२०२० को व्याख्यानमाला के पहले दिन गोरखनाथ मंदिर में महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ की पुण्य- तिथि पर आयोजित बतौर अध्यक्ष संबोधित कर रह रहे थे। इस दृष्टि से श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीराम मंदिर का निर्माण लोक मंगल और लोक कल्याण का सर्वोत्कृष्ट कार्य कह सकते हैं। सीएम ने कहा कोई भी भारतीय ऐसा नहीं होगा जो भगवान श्रीराम के आदर्शो से प्रभावित न हो। राम का कार्य ही लोक कल्याण का कार्य है।

## नोडल प्रभारी डॉ.ऋषि सहाय को रोटरी क्लब ने किया सम्मानित



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। रोटरी क्लब की ओर से एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिनांक १८.०८.२०२० कार्यक्रम के अवसर पर कोविड- १६ के नोडल प्रभारी डॉ. ऋषि सहाय को क्लब की अध्यक्ष डॉ. दिव्या बरतरिया, पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता के द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सहाय ने कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति, लक्षण और बचाव के उपाय की जानकारी भी दी और कहा कि संक्रमण से बचने के लिए जागरूक होना बहुत जरूरी है।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः


१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

## अगस्त में दिल्ली मंडल ने १.८८ मीट्रिक टन मालभाड़ा का किया लदान



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। कोरोना महामारी से लड़ने में राष्ट्र को सहयोग प्रदान करने के उत्तर रेलवे लगातार कार्य कर रही है। उत्तर एवं उत्तर-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, राजीव चौधरी ने बताया कि मिशन मोड में कार्य करते हुए उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने महामारी के चलते रेलवे के काम में आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बावजूद कुल मालभाड़ा लदान में नए मानक स्थापित किए हैं। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने अगस्त, २०२० में १.८८ मीट्रिक टन मालभाड़ा का लदान किया जोकि पिछले वर्ष की इसी अवधि से २७.०३ः अधिक है और पिछले तीन वित्त वर्षों में इस माह का सर्वश्रेष्ठ लदान भी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली मंडल के बिजनेस डेवलपमैंट यूनिटों के प्रयासों से २१.०८.२०२० को एनएमजी रैकों में ऑटोमोबाइल के दो बिंदुओं वाले लदान को फरीदाबाद से दानापुर और चौखंडी के लिए शुरु किया गया है। मेरठ सिटी-सहारनपुर क्षेत्र से मिनी रैक में चीनी का लदान शुरू किया गया है। इसका पहला रैक दिनांक २३.०८.२०२० को दौराला से दानकुनी और दूसरा रैक ३०.०८.२०२० को मुजफ्फरनगर से दानकुनी के लिए चलाया गया है। अपनी तरह की पहली ३ सेवाएं अगस्त २०२० में दिल्ली किशनगंज से जिरानियां के लिए चलाई गयी।

## हनुमान मंदिर के द्वार पर पहुंची गंगा

प्रयागराज। पवन पुत्र हनुमान के चरण में मां गंगा बड़े हनुमान के द्वार तक पहुंच गई है । स्नान घाटों समेत आरती स्थल डूबने लगे हैं। कछारी इलाके बाढ़ के पानी से घिरने लगे हैं। इसी के साथ कछारी इलाके की बस्तियों से लोग गृहस्थी समेट कर सुरक्षित स्थानों पर जाने लगे हैं।

**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

**हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल**

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष

24 घण्टे सेवा उपलब्ध

## यूपी में खत्म हुआ शनिवार का लॉकडाउन

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। उत्तर प्रदेश मे अभी तक शनिवार और रविवार को साप्ताहिक बंदी की जा रही थी। वहीं अब केवल रविवार को ही पूरे प्रदेश में साप्ताहिक बंदी रहेगी।

बाजार को खोलने का समय भी परिवर्तित कर दिया गया है जो अब रविवार को छोड़कर बाजार सुबह ६ बजे से रात ६ बजे तक खुलेंगी। यानी अबसे शनिवार को भी आम दिनों की तरह दुकानें खुली रहेंगी। यह फैसला विकास की योजनाओं को रफ्तार देने के लिए लिया गया है। अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसके निर्देश अफसरों को दिए हैं। सभी मंडलायुक्तों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि ५० करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओ की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में जो भी विकास की योजनाएं चल रही हैं, उन्हें गति दी जाए।

## अस्पताल से ज्यादा होम आइसोलेशन में मरीज हुए स्वस्थ

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। होम आइसोलेशन शुरू होने के माहभर बाद प्रयागराज जिले में जो आंकड़े आए हैं उनमें घर में रहकर कोरोना को हराने वालों की संख्या सबसे अधिक है। आंकड़ो के अनुसार करीब ३० फीसदी लोग अस्पतालों में तो घरों में आइसोलेट रहकर ३४ प्रतिशत संक्रमितों ने कोरोना पर विजय प्राप्त की है। बतादें कि २४ जुलाई से होम आइसोलेशन की व्यवस्था जिले में शुरू हुई थी। सहमति पर बिना लक्षण वाले कोरोना संक्रमितों को उनकी होम आइसोलेट किया जाने लगा।

## यूपी बोर्ड ने ऑनलाइन पढ़ाई को लेकर स्कूलों से मांगा ब्योरा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। ऑनलाइन पढ़ाई को लेकर प्रदेश के २८ हजार से अधिक स्कूलों में यूपी बोर्ड ने ब्योरा मांगा हैं।

सभी संयुक्त शिक्षा निदेशकों को २७ अगस्त को पत्र लिखकर सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने वर्चुअल स्कूल और ई-ज्ञान गंगा के माध्यम से कराई जा रही पढ़ाई-लिखाई का ब्योरा मांगा है। वहीं शासन ने सचिव यूपी बोर्ड का निगरानी की जिम्मेदारी दी है। जिसके बाद सचिव ने मंडल के अधिकारियों से जानकारी मांगी है कि दूरदर्शन चौनलों पर प्रसारित वीडियो को देखने वाले कक्षा ६ से १२ तक के छात्र-छात्राओं की संख्या क्या है कितने छात्र हैं जो वीडियो नहीं देख पा रहे।

शासन ने ब्योरा मांगा है कि जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई या नहीं, कंट्रोल रूम में तैनात नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम व मोबाइल नंबर क्या है और जिला विद्यालय निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी द्वारा कितने स्कूलों का निरीक्षण अब तक किया जा चुका है इसकी भी जानकारी मांगी है।